ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

## मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 12 विक्रम संवत् 2081 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी




प्रकाशक

**विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान**

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 12 विक्रम संवत् 2081 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

प्रो. बनवारीलाल गौड़

प्रो. दयानन्द भार्गव

प्रो. कैलाश चतुर्वेदी

डॉ. शीला डागा

प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक

श्री सोहन लाल गर्ग

श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक

डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक

डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा

तिबोर कोकेनी

श्रीमती अन्या वुकादिन

- प्रमुख संरक्षक -

परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी

परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -

भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -

परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -

विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस

श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -

महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | संस्कृत साहित्यकार महिलाएं | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 9 |
| 4. | शबरी के राम और कुब्जा के कृष्ण | डॉ. प्रवीण पण्ड्या | 16 |
| 5. | उपनिषद् तत्त्व | डॉ. रामदेव साहू | 21 |
| 6. | दमयन्ती | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 29 |
| 7. | राष्ट्रोपनिषत् | स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2024 का द्वादश अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित **'संस्कृत साहित्यकार महिलाएं'** नामक लेख में वेद में महिलाओं के प्राचीनकाल में महत्त्व को बताया है। तत्पश्चात् डॉ. प्रवीण पण्ड्या द्वारा लिखित **'शबरी के राम और कुब्जा के कृष्ण'** लेख में शबरी का श्रीराम के प्रति स्नेह तथा श्रीकृष्ण का कुब्जा के प्रति भगवत् भाव को बताया है। इसी क्रम में डॉ. रामदेव साहू द्वारा लिखित **'उपनिषद् तत्त्व'** लेख में उपनिषदों में ओमकार रहस्य को बताया है। तत्पश्चात् डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा लिखित **'दमयन्ती'** की कथा का वर्णन है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के **'राष्ट्रोपनिषत्'** के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans
Swami Maheshwaranandapuri**

स्वविषयासम्प्रयोगेचित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणांप्रत्याहारः ॥ ५४ ॥

**54. sva-viṣaya-asaṃprayogecittasya-svarūpa-anukāraiva-indriyāṇāṃpratyāhāraḥ**

*sva – self, own*
*viṣaya – object, subject*
*asaṃprayoga – separation*
*citta – consciousness*
*svarūpa – true form, being*
*anukāra – alignment*
*iva – in a sense, as if*
*indriya – senses*
*pratyāhāra – withdrawal*

**When the sense organs withdraw from external objects and turn inward, this is called *pratyāhāra.***

PRATYĀHĀRA means to eliminate external and internal disturbances and the wandering of thoughts by withdrawing the senses. Once the sensory impressions in the mind no longer cause restlessness and distraction, the consciousness can detach from the external world and center in the inner self. *Pratyāhāra*is the ability to gather oneself inwardly at any time and instantaneously and to shut oneself off from the outer world.

ततःपरमावश्यतेन्द्रियाणाम् ॥ ५५ ॥

**55. tataḥparamāvaśyatendriyāṇām**

*tata – from there*
*paramā – highest(r)*
*vaśyatā – obedience, being under control*
*indriya – senses*

**Thus, the complete mastery of the senses is attained.**

By being able to turn the senses and mind outward or withdraw them inward at will – just as a turtle can retract its head and limbs under its shell or extend them outward at any time – the yogi has brought them under their control and is no longer dominated and controlled by them.

These described exercises of body, breath and mind control are to be practiced daily. Each stage requires the practice and mastery of the previous one. Without regular yoga-body exercises, the deep and calm breathing of "yoga-full-breathing", which is the preparation for the yoga-breathing exercise (*prāṇāyāma*), is not established. If we neglect *prāṇāyāma*, we cannot reach the stage of control of the senses and mind (*pratyāhāra*). If we cannot turn the mind inward, concentration on an object (*dhāraṇā*) cannot succeed, and neither can meditation (*dhyāna*).

Therefore, it is recommended that in the daily practice session, āsanas, *prāṇāyāma*and relaxation should always be done first, followed by concentration and meditation techniques. However, if you practice in the morning, shortly after getting up, you can also start with meditation, because the mind is still calm from the relaxation of sleep.

Through the principles and exercises that Patanjali explains in the *Sādhana-Pāda,* the mind is purified and strengthened – provided, of course, that they have been observed and practiced. Now the consciousness can further unfold to the higher and highest consciousness. In time and with continued practice, the yogi will reap the fruits oftheir*sādhana*, which Patanjali describes in the next chapters of the *Yoga Sūtras–Vibhūti-Pāda*and*Kaivalya-Pāda.*

## QUESTIONS AND ANSWERS TO THE SĀDHANA-PĀDA

**Question:** Do I have to master all the other principles of *Rāja-yoga* before I can meditate?

**Answer:** Thefirst seven stages of *Rāja-yoga* should be performed daily. In the course of your daily life, you perform various activities every day: you get up, wash yourself, do your exercises, prepare your breakfast, go to work, have lunch, go back to work, go home, and so on. It doesn't occur to you to say, "For a month I just eat breakfast and do nothing else." You do one thing after another every day.

The rules of *yama*and*niyama* are comparable to the Christian ten commandments, which should form the basis of every action. Likewise, it is important to practice *āsanas* and *prānāyāma*daily. *Pratyāhāra*and*dhārāna* are also to be practiced daily, as are prayer and meditation (*dhyāna*). These principles and techniques intertwine. They are all to be practiced simultaneously and gradually perfected. The eighth point (*samādhi*) cannot be reached immediately, but you will certainly reach this stage one day.

**Question:** Patanjali says that through *Rāja-yoga* one can attain *samādhi*and*moksha.* But you said that *Rāja-yoga* alone is not enough, we also need *Bhakti-yoga* and *Karma-yoga*. How is that to be understood?

**Answer:** I would like to answer with a comparison: wheat contains all the necessary nutrients, and it would be possible to get enough nutrition from wheat alone. But chewing only wheat every day soon becomes boring.

All yoga paths form a unity. The discipline and self-control of *Rāja-yoga* is a basis and necessary prerequisite, but without love (*bhakti*) one cannot progress in life and also in Yoga.It is likewise the same in regard to knowledge (*gyāna)*, reason (*viveka)* and action (*karma*). A spiritual aspirant should have all the qualities in them. They should be at once a *Rāja-yogi,* a *Bhakti-yogi,* a *Karma-yogi* and a *Gyāna-yogi*.

**Question:** When is the best time to meditate and concentrate on the *chakras*?

**Answer:** SrīMahāprabhujī once said, "For good things time is always good, and for bad things time is always bad." However, there are certain constellations that are supportive. The best time to meditate is *brahma muhūrta*, the "hour of *Brahman,*" about 1 1⁄2 hours before sunrise. But if you cannot get up at that time – perhaps because you went to sleep too late – meditate at the time when it is possible for you. The hour before and after sunset is also a good time for meditation.

**Question:** It issaid that when a person attains cosmic consciousness, they no longer exist as an individual. How can they then incarnate again as a master and helper of humanity?

**Answer:** If we compare the cosmic consciousness to a lake, the incarnation of a divine soul is like a canal branching off from that lake to irrigate the fields and bring help to the people.

**Question:** How can one learn to deal with the suffering and death of close people?

**Answer:** What we see is the suffering and dying of the body and therefore not reality. The soul never suffers. As long as it identifies with the body in its ignorance, it suffers with the body, but only in the way we suffer when we see a sad film. The Realised One, however, no longer falls into the illusion of suffering. For them, their body is only the shadow of existence. But it is, of course, our human duty to help a suffering person and to do everything possible to alleviate their pain and preserve their life.

**Question:** How can you change *karma* through yoga?

**Answer:** If you are driving a car on an icy road and you skid, you can avoid an accident by a skilful steering manoeuvre. In this way, reason and discrimination can save you from negative *karma.* But if you remain inactive, just close your eyes and think, "This is my *karma*, there's nothing I can do about it," then nothing will change.

We are to avoid, as far as we are able, an unfavourable development of fate through caution and mindfulness. Sometimes, however, we do not know whether something will turn out well or badly. We usually judge and react only according to the present point of view and knowledge. Reality, however, can often only be seen from a higher level.

A wise man does not react immediately and emotionally, but waits, considers, meditates and only then decides. The ignorant, on the other hand, jumps off immediately like a firebrand. Take your time in making decisions. Consider not only your own good, but also the good of others and possible future developments (or entanglements). The best way to protect yourself from negative people or events is to avoid them in advance. This way we can avoid arguments, unpleasant emotions and reactions.

**Question:** How is an intrinsically bad deed to be judged if it initially leads to a negative result, but subsequently leads to something good? Specifically, I mean by this: if Judas had not betrayed Jesus, he would not have been able to redeem mankind on the cross.

**Answer:** First of all, I am quite sure that Jesus would have redeemed mankind just as well if he had not been crucified. Therefore, Judas' betrayal was – from my point of view – neither a necessary nor an excusable act.

Jesus probably could have avoided his death on the cross, but in his humility and surrender to God's will he accepted this fate. It is said that Jesus was also in India and was able to raise his consciousness to the level of *samādhi,* in which he no longer identified with the body and also suffered no pain.

To know how it really happened, we would have to attain the highest consciousness ourselves. The truth may be quite different from what we believe.

Once Arjuna met God Krishna at prayer. Astonished, he said that Krishna, being God Himself, certainly did not need prayer. Krishna replied, "I do this because the small imitate the actions of the great." That is, the masters and saints do not act for their own sake, but to be an example to people.

So Jesus, too, with his life and death, gave people a model not to give up the spiritual path, even if it costs their lives. The apostles and martyrs followed this example and are still outstanding examples of faithfulness and steadfastness today.

**Question:** Why is rebirth not mentioned in the holy scriptures of the Jews and Christians?

**Answer:** This teaching was originally present, but was later removed. In the Bible there are several unclear passages about resurrection, heaven and hell, which can be explained under the aspect of reincarnation.

**Question:** How can God, who is infinite, absolute, eternal, and without form, be born as a person?

**Answer:** God has two aspects,*nirguna*(without form) and *saguna*(with form). On the one hand, God is formless, eternal and infinite. He exists in all living beings, and all exist in Him – "One in All and All in One," my master, Holy Gurujī, used to say. The essence *(ātma*) of all living entities is God. The second mode of appearance of God is the holy incarnations. In this form, God incarnates in a body, as a saint and realised master.

*** OM SHĀNTIḤ SHĀNTIḤSHĀNTIḤ ***

# संस्कृत साहित्यकार महिलाएं

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

यह तो सुविदित ही है कि मध्यकाल में जिस प्रकार महिलाओं को वेदा-ध्ययन के अधिकार के उपयुक्त नहीं माना गया उस प्रकार की स्थिति वेदकाल में नहीं थी। उन्हें वेदाध्ययन का ही नहीं गुरुकुल चलाने तक का अधिकार था। वेदकाल में महिलाओं को समान अधिकार और समान आदर भारत में दिया जाता था वैसे इसके लिए मनु का यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते आदि तथा अन्य श्लोक उद्धृत किए ही जाते हैं। वैसे इस कटुसत्य को नकारा नहीं जा सकता कि कुछ कालखण्ड ऐसे रहे जिनमें अन्य अनेक देशों की तरह भारत में भी महिलाओं को समान अधिकार या पुरुषों के समान आदर प्राप्त नहीं था। कुछ युग तो ऐसे आये थे जब उन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता था, दूसरे शब्दों में पुरुषों के अधीनस्थ नागरिक के रूप में देखा जाता था और कुछ समय ऐसे भी आये जब उन्हें एक सम्पत्ति का दर्जा दे दिया गया था जिसका स्वामी पुरुष होता था। न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति कहकर बचपन से बुढ़ापे तक के लिए पुरुष की छत्रछाया का आवश्यक बताया जाना इसी अवधारणा का प्रमाण है।

इस सबके बावजूद यह भी सत्य है कि वेदकाल से लेकर अब तक उपर्युक्त वातावरण और स्थितियों के बावजूद अनेक महिलाएं न केवल अद्भुत विद्वत्ता की धनी रही थी बल्कि शास्त्रों और काव्यों के लेखन द्वारा उन्होंने कालजयी साहित्य की रचना भी की थी। वेदकाल में गार्गी वाचक्नवी, अपाला आत्रेयी, घोषा काक्षीवती और मैत्रेयी आदि ब्रह्मवादिनी महिलाओं का नाम तो  हम लेते ही रहे हैं, व्याकरण में यह प्रयोग कि आचार्य की पत्नी तो आचार्यणी कहलाएगी पर स्वयं गुरु हो तो आचार्या। यह सिद्ध करता है कि महिलाएं आचार्या भी होती थी। मण्डन मिश्र और शंकराचार्य के शास्त्रार्थ में मध्यस्थ बनने वाली मण्डन की विदुषी पत्नी भारती का नाम भी सुविदित है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा जाता है कि लीलावती भास्कराचार्य की विदुषी कन्या थी। इस बारे में तो अब भ्रम दूर हो गया है और यह

स्पष्ट कर दिया गया है कि लीलावती उनकी कन्या नहीं थी बल्कि उन्होने अपनी प्रतिभा को ही यह नाम दिया था। हमारा यह अनुमान है कि परवर्ती महिला साहित्यकारों के जो नाम गिनाये जाते हैं उनमें से भी कुछ तो इसी प्रकार मिथको के रूप में ही चल पड़ी हैं, कुछ अवश्य वास्तविक हैं। इस दृष्टि से यहां काव्य रचना करने वाली कुछ महिला साहित्यकारों का विवरण संकेत के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**विज्जिका**

वेदों और उपनिषदों के युग के बाद विदुषियों के नाम बहुत कम मिलते हैं। गत दो हजार वर्षों में कुछ महिलाओं के नाम से लिखे गये काव्य ओर पद्य अवश्य मिलते हैं जिनमें कुछ निश्चित ही अद्भूत प्रतिभा से सम्पन्न कृतियां हैं। इनमें प्रमुख नाम हैं- विजयांका जिसे विज्जिका भी पुकारा जाता था। इस कवयित्री की एतिहासिकता का उल्लेख जगह-जगह मिलता है। इतिहाकारों में से कुछ ने इसका समय ईसा की ७वीं सदी ६६०ई. बताया है और कुछ ने ई. ८५० से पूर्व। सभी के मत में इसका काल इन दो तिथियों के बीच पड़ता है। संभवतः विजया, कर्नाटक के चालुक्य वंश के पुलकेशी द्वितीय के पुत्र चन्द्रादित्य की पत्नी विजया भट्टारिका थी। इसकी प्रशंसा बहुत से कवियों ने की है। जल्हण की सूक्ति मुक्तावली में यह पद्य आता है-

**सरस्वतीयं कार्णाटी विजयांका जयत्यसौ।**
**या वैदर्भगिरां वासः कालिदासादनन्तरम् ।।**

एक पद्य शार्ङधरपद्धति में उपलब्ध है जिसमें विजया यह कहती है कि आचार्य दण्डी ने सरस्वती को सफेद रंग की कैसे बता दिया जब कि कालेरंग की जीती जागती सरस्वती मैं बैठी हूं।

**नीलोत्पलदलश्यामां विज्जिकां मामजानता।**
**वृथैव दण्डिना प्रोक्तां सर्वशुक्ला सरस्वती ।।**

इसी ने एक अन्य पद्य में यह कहा है कि बह्मा, वाल्मिकी और व्यास के बाद यदि कोई वन्दनीय कवि हुए है तो वह मैं हूं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि विजया की रचनाएं अभिधावृत्तमातृका आदि ग्रन्थों में मुकुलभट्ट आदि ने उद्धृत की है, मम्मट्ट ने भी उद्धृत की है और वे अद्भुत चमत्कार वाली रचनाएं हैं। इनकी विशेषता यह है कि इनमें नारी हृदय की कोमल भावनाएं इतनी सहजता के साथ वर्णित है कि रसनिष्पत्ति में समय नहीं लगता। एक विरहिणी वर्षा काल में विरह वेदना को असहनीय पाती हुई कहती है कि मुझे मार डालने के लिए बादल, बुंदे, बिजली, कोहरा, हरियाली इनमें से कोई एक भी पर्याप्त होता, पर देखिये एक नन्ही सी जान के लिए सबने मिलकर एक साथ हमला किया है।

**मेधैर्योम नवाम्बुभिर्वसुमती विद्युल्लताभिर्दिशो**
**धाराभिर्गमनं वनानि कुटजैः पूरैर्वृता निम्नगाः।**
**एकां घातयितुं वियोगविधुरां दीनावकाकीं स्त्रियम्**
**प्रावृट्काल हताश वर्णय कृतं मिथ्या किमाडम्बरम् ॥**

एक अन्य पद्य में वह कहती है कि बादल, वायु और मयूर ने उस पर क्रूरता बरती है। वह तो समझ में आती है पर बिजली नारी होते हुए भी उस पर अकरूण क्यों है? यह उद्गार हृदय से निकला सा लगता हैं

**सोत्साहा नववारिभारगुरवो मुञ्चन्तु नादं घनाः**
**वाता वान्तु कदम्बरेणुशबला नृत्यन्त्वमी बर्हिणः।**
**मग्नां कान्तवियोगदुः खजलधौ दीनां विलोक्याङ्गनाम्**
**विद्युत् प्रस्फुरसि त्वमप्यकरुणा स्त्रत्वेऽपि तुल्ये सति ॥**

इस कवयित्री के अनेक पद्य उत्कृष्ट श्रृंगार के उदाहरण के रूप में लक्षण काव्यों में उद्धृत मिलते हैं। उनका प्रतिभा चमत्कार देखते ही बनता है। कुछ ऐसे है जिनमें पर पुरुष के प्रेम का हवाला बड़े चटखारे के साथ दिया गया है। कहा नहीं जा सकता कि स्वयं कवयित्री ने ऐसे पद्य बनाये होंगे या किसी अन्य मनचले या प्रतिभाशाली कवि से बनाकर उन्हें विजया के नाम से प्रसिद्ध कर दिया। यह अवश्य खेद की बात है कि इसका लिखा कोई ग्रन्थ या काव्य नहीं मिलता। लगता है इतनी अद्भुत प्रतिभा ने ग्रन्थ के रूप में भी कुछ अवदान अवश्य छोड़ा होगा किन्तु आज वह उपलब्ध नहीं है।

**गंगादेवी**

एक अन्य कवयित्री का पता भी चलता है जिसका नाम गंगादेवी था और जो कर्नाटक की महारानी थी। यह विजयनगर साम्राज्य के सम्राट विरूपाक्ष के पुत्र कम्पराज की महारानी थी। इसका लिखा मधुराविजय काव्य मिलता है जिसमें उसमें अपने पति की विजय यात्रा का वर्णन किया है। यह प्रसिद्ध है कि यह रानी महारानी झांसी की तरह स्वयं भी योद्धा थी और तलवार लेकर आक्रान्ता विपक्षियों से लड़ी थी। इसका समय मुगलकाल में सन् १३८० के आस-पास प्रतीत होता है। इस काव्य की अधूरी पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई थी जिनमें से एक तो मद्रास से और दूसरी कर्नाटक से प्रकाशित हुई बताई। इसने एक पद्य में इस स्थिति पर करारी चोट कि है कि यवनों के घर के जो तोते फारसी सीख जाते हैं उनकी बजाए कड़वी किन्तु अपनी भाषा बोलने वाले उल्लू कहीं बेहतर हैं।

**न तथा कटुघूत्कृताद् व्यथा मे हृदि जीर्णोपवनेषु घूकलोकात्।**
**परिशीलितपारसीकवाग्भ्यो यवनानां भवने यथा शुकेभ्यः ॥**

**तिरुमलाम्बा**

एक अन्य कवियत्री भी बहुत महत्त्वपूर्ण है जिसका लिखा महाकाव्य संस्कृत साहित्य में सुप्रसिद्ध है। यह भी विजयनगर साम्राज्य की महारानी थी। वहां के प्रसिद्ध सम्राट कृष्णदेवराय के छोटे भाई अच्युतराय की रानी तिरुमलाम्बा (१६वीं सदी में) का लिखा हुआ वरदाम्बिकापरिणय नाम का चम्पू काव्य इतिहास में प्रसिद्ध है जो वर्षों तक पाठ्यपुस्तक के रूप में भी रखा गया था। यह तंजोर से प्रथमतः प्रकाशित हुआ था और बाद में गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी और हरिदत्त शर्मा की टीका सहित लाहौर से मोतीलाल बनारसीदास ने मुम्बई संस्कृत प्रेस से भी छपवाया था। इसमें तत्कालीन इतिहास वर्णित है। वरदराज के साथ अम्बिका के विवाह इतिहास का विवरण देते हुए इसमें बहुत सुन्दर गद्यशैली में कथोपकथन मिलते हैं और सुललित पद्य भी पाये जाते हैं। कथानक के सौन्दर्य के साथ-साथ शैली का सौन्दर्य इसकी विशेषता है।

इस विवरण से यह स्पष्ट होगा कि दक्षिण, विशेषतः कर्नाटक के राज घरानों में विपुल संख्या में संस्कृत की विदुषियों और कवयित्रियों के पाये जाने का प्रमुख कारण है वहां महिलाओं के उत्तर भारत की अपेक्षा अधिक अधिकार और आदर की परम्परा का होना। एक अन्य कारण यह भी है कि विजय नगर जैसे समृद्ध साम्राज्य में शिक्षा की विशेषकर महिलाओं में संस्कृत शिक्षा की परम्परा उन दिनों जीवित थी।

**शिलाभट्टारिका**

एक अन्य प्रसिद्ध कवयित्री का नाम उतना ही बहुचर्चित है। यह हैं शीलाभट्टारिका, राजशेखर ने लिखा है कि पांचाली रीति के उदाहरण शीलाभट्टारिका के पद्य है शीलाभट्टारिका-वाचि बाणोक्तिषु च सा यदि। इस प्रकार यह मान्यता थी कि वैदर्भी रीति के उत्कृष्ट उदाहरण जिस प्रकार विजया के पद्य है उसी प्रकार पांचाली रीति के उदाहरण हैं, शीलाभट्टारिका के पद्य। राजानक रूय्यक ने तथा मम्मट ने काव्य प्रकाश में इसके पद्यों को उत्तम काव्य के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है। इतनी प्रसिद्ध कवयित्री होने के बावजूद इसके जीवन परिचय का विवरण प्राप्त नहीं होता है। वैसे किंवदन्तियां अनेक प्रसिद्ध हैं जिनमें एक यह भी है कि राजा भोज के समय ये थी और उस समय भोज ने एक पद्य के दो चरण बनाये जिसके जवाब में इन्होंने अन्तिम दो चरण बनाकर उसे पूरा किया। यदि ऐसा है तो इसका समय ११वीं सदी सिद्ध होता है किन्तु ऐसी कथाओं की कोई प्रामाणिकता नहीं है।

वैसे हमारा यह विचार है कि महिलाओं के द्वारा लिखे गये श्रृंगार के पद्यों में भी लोग अनेक शंकाएं करते हैं, फिर यदि उग्रश्रृंगार के पद्य हों या मनचली स्त्रियों के परपुरुष से प्रेम का वर्णन उनमें किया जाए तो कितनी आलोचना की आशंका हो सकती है। इस दृष्टि से कुछ ऐसे पद्य जिनके लेखक का निश्चय नहीं है और जिन्हें किसी कवयित्री के नाम से प्रसिद्ध कर दिया गया हैं इस बात की गुंजाइश छोड़ते हैं कि यह खोजबीन की जाए कि क्या वे सचमुच उसी महिला द्वारा लिखे गये थे ? किन्तु शीलाभट्टारिका के ५ पद्य ऐसे मिलते हैं जिन्हें स्थान-स्थान पर उसी के नाम से उद्धृत किया गया है। इसलिए उनके रचयिता के बारे में सन्देह नहीं है। यह अवश्य है कि उनका विषय इतना साहसपूर्ण है कि किसी पुरुष को भी इतना उग्र श्रृंगार लिखने में हिचकिचाहट होगी, महिला की तो बात ही क्या है। इसमें से एक पद्य सुप्रसिद्ध है। यः कौमारहरः। इसमें अच्छे भले घर की एक विवाहिता युवती छिपकर अपने प्रिय से नर्मदा के तीर पर मिलना चाहती है। बेचारे साहित्य के अध्यापकों को इसका यह अर्थ करना पड़ता है कि प्रिय के रूप में उसका तात्पर्य ही अपने पति से ही है। इसका समाधान तो यों हो जाता है किन्तु अन्य पद्यों में भी ऐसे वर्णन हैं जहां नायिका अपने प्रिय के पास दूती को भेजती है किन्तु दूती उसी से प्रेमलीला रचाने लगती है और उस पर कभी तो नायिका उसे उलाहना देती है, कभी ताना देती है। इनके लिखने में जो साहस आवश्यक है वह इस कवयित्री में था यह तो मानना ही पड़ता है।

हम यह इस दृष्टि से लिख रहे हैं कि कभी कभी रसिक कवियों को इस बात में भी आनन्द आता है कि किसी महिला के नाम से श्रृंगार के पद्य प्रसारित कर दें। ऐसी स्थितियों में हमें सतर्कता से काम लेना होगा। इसका एक उदाहरण है एक कवयित्री का नाम जिसे विकटनितम्बा कहा जाता है। इसके भी श्रृंगार के पद्य जगह-जगह मिलते हैं किन्तु कोई महिला इस तरह अपना नाम और ऐसे पद्य लिखे जैसे

**अन्यासु भृङ्ग तावदुपमर्दसहासु**
**लोलं विनोदय मनः सुमनोलतासु ।**
**बालामजातरजसं कलिकामकाले**
**व्यर्थं कदर्थयसि किं नवमल्लिकायाः ॥**

यह कहां तक संभव है? इसमें कोई सखी भौर पर डालकर नायक से कह रही है कि अभी अवयस्क कन्या में मन न फंसाओं। इस कवयित्री का नाम और पद्य किसी और के हो सकते हैं। हमारे इस अनुमान का एक आधार भी है कि कुछ विद्वानों ने एक पद्य कान्ते तल्पमुपागते इसका लिखा बताया है जब कि यह अमरुशतक में मिलता हैं इस सम्बन्ध में गहरा अनुसंधान आवश्यक है।

**अन्य नाम**

उपर्युक्त कवयित्रियों के अतिरिक्त १०-१५ अन्य नाम भी प्रसिद्ध हैं। धनददेव का एक पद्य शाङ्गधरपद्धति में मिलता है।

शाङ्गधरपद्धतो धनददेवः तौ

**शीलाविज्जामारुलामोरिकाद्याः काव्यं कर्तुं सन्ति विज्ञाःस्त्रियोऽपि।**
**विद्यां वेत्तुं वादिनो निर्विजेतुं विश्वं वक्तुं यः प्रवीणः स वन्द्यः ।।**

इससे प्रतीत होता है कि शीलाभट्टारिका और विज्जिका के अलावा मारुला, मोरिका, आदि महिलाएं काव्य लिखती थीं। उनके लिखे पद्य भी जगह जगह मिलते हैं। इसमें प्रियंवदा, विद्या, गौरी, कुटला, मधुरवाणी, मारुला, फल्गुहस्तिनी, मोरिका, पद्मावती, सीता, सरस्वती, इन्दुलेखा और भावक देवी के पद्य मधुरभाषी के सम्पादक श्री श्रीनिवासाचार्य ने विभिन्न ग्रंथों से जहां वे उदाहरण के रूप में लिखें गयें हैं, उद्धृत किये हैं। निःसंदेह ये सभी पद्य उत्कृष्ट काव्य के उदाहरण हैं। श्रीनिवासाचार्य जी ने एक अन्य कवयित्री का नाम जचनचपला बताया है और उसका यह पद्य भी उद्धृत किया है।

**दुर्दिननिशीथपवने निस्संचारासु नगरवीथीषु।**
**पत्यो विदेशयाते परसुखजघनचपलायाः ।।**

इस पद्य को और लेखिका के नाम को देखकर भी वही सन्देह उत्पन्न होता है जो विकटनितम्बा के सम्बन्ध पर संकेतित है। कोई महिला अपना ऐसा नाम रखे और ऐसा पद्य लिखे आप विश्वास करेंगें? फिर भी ऐसे कुछ नामों को छोड़ भी दें तो दक्षिण भारत से ही मधुरवाणी, रामभद्राम्बा, राजम्मा चिन्नम्मा, नागम्मा आदि तथा उत्तरी भारत की लक्ष्मी ठाकुरानी, ग्रन्थदीपीका, केरली, मदालसा, मदिरेक्षणा, सुभद्रा, सरस्वती देवकुमारिका, रमादेवी इत्यादि बहुत से नाम हैं जिनकी रचनाओं का पता लगाकर उन पर विमर्श करना अनेक नये आयाम खोल सकता है।

गत ३-४ शताब्दियों में ऐसी कितनी महिलाएं हुई उनके बारे में उल्लेख तो मिलते हैं, पूरी जानकारी नहीं मिलती किन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ में पंडिता क्षमाराव जैसी उद्भट कवयित्री हुई, जिनका कृतित्त्व भारत भर में विख्यात है। पंडिता क्षमाराव की विशेषता यह थी कि उसने गांधीजी के सत्याग्रह आन्दोलन का पूरा समर्थन ऐसे समय में किया जब इस हेतु साहस की बहुत बड़ी आवश्यकता रहती थी। स्वतंत्रता के बाद तो गांधीजी पर लिखने वाले बहुत से पैदा हो गये

किन्तु बर्बीसवीं सदी के तीसरे दशक से लेकर चौथे तक क्षमाजी ने सत्याग्रहगीता (पेरिस १९३२), उत्तरसत्याग्रहगीता (१९४९), और स्वराज्य विजय जैसे काव्य गांधीजी पर लिखे जिनमें स्वतंत्रता आंदोलन का पूरा विवरण आ गया। इस कवयित्री की यह देन इतिहास में अमर रहेगी। इन्होंने मीरा पर भी बहुत अच्छा काव्य लिखा है। इनके अनेक अन्य काव्य भी प्रसिद्ध है। वर्तमान में भी नलिनीशुक्ला जैसी कवयित्रियाँ संस्कृत में कविता कर रही है। ४ जून, १९४० को जन्मी नलिनी आचार्य नरेन्द्रदेव महाविद्यालय कानपुर में प्राध्यापिका हैं। इनके काव्यभावांजलि पर उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी ने पुरस्कार भी दिया है।

इस विवरण में आधार के रूप में कुछ महिला साहित्यकारों का उल्लेख इस दृष्टि से किया गया है कि यथा समय इन पर विस्तार से विचार हो सके और इनके कृतित्त्व पर, यदि संभव हो, अनुसंधान हो सके। वैसे क्षमाराव पर विश्वविद्यालयों में अनुसंधान हुए हैं और वर्तमान संस्कृत साहित्य के इतिहासों में उनका विवरण भी है। इसके अतिरिक्त ऐसी महिला विदुषियों पर भी लिखा जाना आवश्यक है जिनकी कृतियां चाहे न मिलती हों किन्तु जिनका वैदुष्य प्रसिद्ध था। ऐसी ही एक विदुषी यमुना देवी शास्त्रि थीं। स्व. कमलारत्नम् भी सुविदित रही हैं।

प्राचीन कवयित्रीयों में सुभद्रा भी रहीं जिनका उद्धरण बल्लभदेव की सुभषितावली में भी है और राजशेखर के ग्रन्थों में भी, फल्गुहस्तिनी के दो पद्य सुभाषितावली में उद्धृत हैं यद्यपि उनमें से एक शाङ्गधरपद्धति में भी है। एक भर्तृहरिका हैं। १६वीं सदी में तजदूरनरेश रघुनाथ की सभा कवयित्री मधुरावली ने रघुनाथ की तेलुगु रामायण कथा का संस्कृतानुवाद किया था। यह चतुर्दशसर्गान्त तक उपलब्ध भी हैं जिसमें १५०० पद्य हैं। रामभद्राम्बा ने इन्हीं रघुनाथ पर जिनकी ये भी सभाकवि थीं रघुनाथाभ्युदयकाव्य लिखा है। मेवाड़ नरेश अमरसिंह महाराणा की रानी देवकुमारिका ने संग्रामसिंह के राज्याभिषेक के अवसर पर वैद्यनाथ प्रसाद प्रसिद्ध काव्य ५ प्रकरणों में १४२ पद्यों में लिखा था-(लगभग सन् १५१४ में) ऐसी सूचना मिली हैं। आधुनिक काल में बंगलोर की राजम्मा (जन्म १८७४) ने संस्कृत में चन्द्रमौलि उपन्यास लिखा। लक्ष्मी विजय महाकाव्य की प्रणेत्री रमादेवी की जानकारी भी मिलती है। केरल की श्री देवी कुटीतंबुरटी (१८८५-१९५०) जैसी कवयित्रियों के भाषापरिणय चम्पू चम्पूभागवतम् नैषधनाटकम्, मथुरापुरीविलासखंडकाव्यम् जैसे ग्रन्थों की जानकारी भी उपलब्ध है। मैसूर की सुन्दरबल्ली (जन्म १८००) की रामायण चम्पू, कोटिककोट (केरल) की मनोरमा तंबुराटी (१७६०-१८२८) का पत्र साहित्य आदि के उल्लेख भी मिलते हैं।

# शबरी के राम और कुब्जा के कृष्ण

**डॉ. प्रवीण पण्ड्या**
प्राचार्य, शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार

भारत की चेतना में एक ओर राम हैं तो दूसरी ओर कृष्ण हैं। राम राजसत्ता को तिनके की भाँति त्याग करके मानवीय मूल्यों की रक्षा को अधिक महत्त्व देते हैं तो कृष्ण उन्हीं मूल्यों की रक्षा के लिए राजसत्ताओं के चक्रव्यूहों के भीतर प्रवेश करके उन्हें छिन्न-भिन्न करते हैं। राम मुनिजीवन बीता रही शबरी को आदर देते हैं तो कृष्ण समाज की अवहेलना सह रही कुब्जा को मान देते हैं। मुनिजीवन जीने वालों के पास वन में उत्पन्न कन्दमूल सत्कार के लिए होता है तो नागरिक जीवन जी रही कुब्जा के पास धन-वैभव सब है, किन्तु उसकी शरीररचना ने उसे प्रेम से वञ्चित कर दिया। राम शबरी का वन्य स्वीकारते हैं और कृष्ण कुब्जा के प्रेम को मान देते हैं। भले ही, बाद में क्षत्रिय और शबरों के बीच ऊँच-नीच हो गई हो, किन्तु वाल्मीकि के समय में न शबरी दयनीय है और न राम उसे दया का पात्र मानते हैं। दोनों अपनी अपनी सत्ता में ऊँचे हैं, उदात्त हैं। राम का यह समभाव है तो कृष्ण का प्रेमभाव भी उससे कम नहीं है। जो कुब्जा उपेक्षित है, जिससे कोई प्रेम नहीं करता है, उसे प्रेम देते हैं—**तस्यै कामवरं दत्त्वा मानयित्वा च मानदः।** धन्य है भागवतकार और धन्य है उनका कवित्व। क्या शब्द प्रयुक्त किया है उन्होंने कृष्ण के लिए ! कृष्ण को मानद कहा है—मान देने वाला। वह मानद एक कुब्जा, एक सैरन्ध्री को मान देता है। यह है—**प्रेमा पुमर्थो महान्**। कोई द्वन्द्व न उनके भीतर पैदा हो सकता है और न उन्हें बाँध सकता है।

शबरी माता है, वृद्धा है, श्रमणी अर्थात् तपस्विनी है। एक लम्बा जीवन उसने जी लिया है। आश्रम में वह रहती है। उसके गुरु मतंग ऋषि भी हैं और मुनि भी। पम्पा के पश्चिमी तट पर स्थित मतंग मुनि के आश्रम में परिचर्या—सेवा का कार्य करती है। मतंग कोई नाम है या मतंग जाति के किसी व्यक्ति का नाम। किरात जाति का एक नाम मतंग भी है। मतंग मुनि के शिष्य मातंग कहलाते हैं। मातंगों का पूरा अरण्य है। वाल्मीकि इन किरातों को ऋषि कहते

हैं—**मतङ्गशिष्यास्तत्रान्नृषयः सुसमाहिताः**। इन मातंगों या किरातों या शबरों के पास ऋषित्व के साथ मुनित्व भी है—

**तत्र हंसाः प्लवाः क्रौञ्चाः कुरराश्चैव राघव।**
**वल्गुस्वरा निकूजन्ति पम्पासलिलगोचराः।।**
**नोद्विजन्ते नरान् दृष्ट्वा वधस्याकोविदाः।** (७-८, सर्ग ६९, अरण्यकांड, वा.रा.)

पम्पासरोवर के हंस आदि जानते ही नहीं हैं कि वध क्या होता है ! कारण कि उसके किनारे रहने वाले मतंग शिष्य मुनिवृत्ति से जीते हैं। इस अरण्य में नागों की—हाथियों की बहुतायत है, किन्तु मतंग मुनि के विधान से वे आश्रम पर आक्रमण नहीं करते हैं। मतंग मुनि में प्रतिष्ठित अहिंसा जंगली हाथियों को भी प्रभावित करती है। शबरी इस आश्रम की चिरजीविनी है, वृद्धा है, विज्ञान से अबहिष्कृत होने के बावजूद अपने मुनिभाव की पराकाष्ठा से परिचर्या करती है। वह इहलोक के जीवन से ऊपर उठ चुकी है, किन्तु गुरु के निर्देश का पालन करती हुई राम की प्रतीक्षा करती है। वह साधक नहीं, सिद्ध है। उसमें पूर्णता है। पूर्णता है तो प्रेम है, विनय है। वह राम के लिए पम्पा के किनारे उगे वन्य अर्थात् फल-मूल को चुन कर रखती है। वह वन मतंगवन है। महान् वन है। शबरी के लिए राम अतिथि है, उसके गुरु द्वारा निर्दिष्ट अतिथि। राम सर्वभूतनमस्कृत है—समस्त प्राणियों द्वारा नमस्कार पाने वाले कर्त्तव्यपथ के महान् यात्री। वह धर्मात्मा है और शबरी धर्म में स्थित है। इसलिए वह सिद्ध तपस्विनी राम के दर्शन तक अपने जीवन को पराकाष्ठा तक नहीं पहुँचाती है। ज्यों ही राम को सुनाने योग्य "श्रोतव्य" सुना देती है और देखने योग्य "द्रष्टव्य" मतंगवन दिखा देती है तो राम से अपने कलेवर को छोड़ने की आज्ञा माँगती है—

**कृत्स्नं वनमिदं दृष्टं श्रोतव्यं च श्रुतं त्वया।**
**तदिच्छाम्यभ्यनुज्ञाता त्यक्तुमेतत्कलेवरम्।।** (२३, सर्ग ६९, अरण्यकाण्ड, वा.रा.)

शबरी का यह स्वागताचार उसके गुरु द्वारा प्रदत्त आज्ञा का पालन करना है। राम जब चित्रकूट में थे, तब शबरी के महाप्रभावी गुरु को राम के बारे में उसे बताकर जीवन को पूर्ण कर चुके थे किन्तु शबरी को राम के आने तक, उनके उपकार के लिए रोक दिया था। इन मातंग ऋषियों के आश्रम से होकर ऋष्यमूक की ओर रास्ता जाता था। एक तरह से ऋष्यमूक इन मातंगों का ही पर्वत था। वहाँ बाली नहीं जा सकता था। मातंगों की तरह वानर भी अरण्यवासी थे। सीता को ढूढ़ रहे राम को कबन्ध (दनु) ने परामर्श दिया कि नरमांस भक्षकों के सभी ठौर-ठिकानों का पता वानर जाति को रहता है और वानरजाति के राजपरिवार के निर्वासित योद्धा सुग्रीव से मित्रता करके वह सीता को प्राप्त कर सकते हैं।

नरमांस भक्षक राक्षस कहलाते हैं और इन राक्षसों की गतिविधि के बारे में मातंग और वानर जानते हैं—

**संनिधायायुधं क्षिप्रमृष्यमूकालयं कपिम् ।**
**कुरु राघव सत्येन वयस्यं वनचारिणम्।।**
**स हि स्थानानि सर्वाणि कार्त्स्न्येन कपिकुञ्जरः।**
**नरमांसाशिनां लोके नैपुण्यादधिगच्छति।।**

(१७-१८, सर्ग ६८, अरण्यकांड, वा.रा.)

मनुष्यों को मार कर उनका मांस खा लेने वालों की दुनिया में नैपुण्य से जाने का काम जो कर सकता है, उस सुग्रीव के संरक्षक मुनि का संदेश युवा राम को बूढ़ी शबरी सुनाती है। मतंग अरण्य और उसमें स्थित आश्रम से होते हुए ही राम को ऋष्यमूक पहुँचना था। मतंग मुनि स्वयं रूक नहीं सकते थे और राम का स्वागत भी उनके आश्रम में किया जाना था। तब वे अपनी प्रतिनिधि जिसे चुनते हैं, वह है संन्यास ले चुकी श्रमणी शबरी। शबरी उसी आध्यात्मिक ऊँचाई पर है, जिस पर उसके गुरु हैं।

गुरु की गुरुता है और शिष्या की श्रद्धा। राम जानते हैं कि मतंग मुनि का वन दिव्य वन है। उसकी दिव्यता को बाहर की आँखें नहीं देख सकती हैं। राम बड़ी उत्सुकता से अरण्य दर्शन की बात रखते हैं और शबरी उन्हें योग्यतम समझती हुई अरण्यदर्शन करवाती है। ये दो महान् व्यक्तित्वों की भेंट है। इसी भेंट को परवर्ती साहित्य में भक्त और भगवान् की भेंट में रूपान्तरित किया गया।

(२)

कुब्जा को श्रीमद्भागवत सैरन्ध्री कहता है। वह मथुरा के राजा की सेवा में नियुक्त युवती सैरन्ध्री है, किन्तु कुब्जा है। तीन ओर से टेढ़ी है—त्रिवक्रा है। मुख से सुन्दर किन्तु देह से कुब्जा। वह मथुरापति भोजराज कंस के अनुलेपन की सेवा में नियुक्त राजकीय कार्मिक है। मथुरा के राजमार्ग पर उस युवती कुब्जा सैरन्ध्री और कृष्ण की भेंट हो जाती है। हाथ में अनुलेप का पात्र लिए जा रही कुब्जा से कृष्ण अनुलेप माँगते हैं और वह राजभय की परवाह नहीं करते हुए राजा के लिए ले जा रहे अनुलेपन में से बलराम और कृष्ण को दे देती है। कृष्ण लीलाविधान के विज्ञ हैं। वह उसे खींच कर सीधी कर देते हैं—

**तां तु कुब्जां ततः कृष्णो द्व्यङ्गुलेनाग्रपाणिना।**
**शनैः संतोलयामास कृष्णो लीलाविधानवित्।।**

**सा तु मग्नस्तनयुग्मा स्वायताङ्गी शुचिस्मिता।**
**जहासोच्चैःस्तनतटा ऋजुयष्टिर्लता यथा।।**

(३१-३२, सर्ग ७१, विष्णुपर्व, हरिवंशपुराण)

कुब्जा कृष्ण के प्रति आकृष्ट हो जाती है और अपना ग्रहण करने की प्रार्थना करती है, किन्तु कृष्ण उस कामपीडिता को मुस्कुराहट के छोड़ विसर्जित करते हैं—

**कृष्णस्तु कुब्जां कामार्तां सस्मितं विससर्ज ह।** (३१-३२, सर्ग ७१, विष्णुपर्व, हरिवंशपुराण)

यह उसे छोड़ चले जाना नहीं है, अपितु वह उसे अपना स्मित देकर भेजते हैं। तभी तो भागवतकार इस प्रसंग में कहते हैं—

**एवं स्त्रिया याच्यमानः कृष्णो रामस्य पश्यतः।**
**मुखं वीक्ष्यानुगानां च प्रहसंस्तामुवाच ह।।**
**एष्यामि ते गृहं सुभ्रुः पुंसामाधिविकर्शनम्।**
**साधितार्थोऽगृहाणां नः पान्थानां त्वं परायणम्।।**

(१०-११, सर्ग ४२, दशम स्कन्ध)

कृष्ण कहते हैं कि तुम्हारा घर तो पुरुषों की मानसिक आधि को मिटाने वाला है और हम पथिकों, जिनके यहाँ घर नहीं है, तुम सहारा हो। कृष्ण अपना वादा निभाते हैं। कंसवध के बाद वह सैरन्ध्री के घर जाते हैं—

**अथ विज्ञाय भगवान् सर्वात्मा सर्वदर्शनः।**
**सैरन्ध्याः कामतप्तायाः प्रियमिच्छन् गृहं ययौ।** (१, सर्ग ४८, दशम स्कन्ध)

कुब्जा प्रेमिका है और कृष्ण उसके लिए प्रेमपात्र है। उसने कृष्ण को अनुलेप देने का पुण्य क्या अर्जित कर लिया कि उस पुण्य से कृष्ण ने उसे शय्या में स्थान देकर उस रामा के साथ रमण किया—

**आहूय कान्तां नवसङ्गमह्रिया विशङ्कितां कङ्कणभूषिते करे।**
**प्रगृह्य शय्यामधिवेश्य रामया रेमेऽनुलेपार्पणपुण्यलेशया।।** (६, सर्ग ४८, दशम स्कन्ध)

और वह सैरन्ध्री भी इस तरह कृतकृत्य हो उठी—

**सानङ्गतप्तकुचयोरुरसस्तथाक्ष्णोर्जिघ्रन्त्यनन्तचरणेन रुजो मृजन्ती।**
**दोर्भ्यां स्तनान्तरगतं परिरभ्य कान्तमानन्दमूर्तिमजहादतिदीर्घतापम्।।** (७, सर्ग ४८, दशम स्कन्ध)

कुब्जा होने से उसका अत्यन्त दीर्घ ताप था। कृष्ण उसकी कामना को पूर्ण करते हैं। वह सर्वात्मा और सर्वदर्शन है।

शबरी माँ है, जीवन की पूर्णता को अधिगत कर चुकी है, वह धर्म में स्थित है, जबकि सैरन्ध्री प्रेमिका है, जीवन उसका बाकी है और वह काम में स्थित है। भागवतकार कहते हैं—

**दुराराध्यं समाराध्य विष्णुं सर्वेश्वरेश्वरम्।**
**यो वृणीते मनोग्राह्यमसत्त्वात् कुमनीष्यसौ।** (७, सर्ग ४८, दशम स्कन्ध)

भागवतकार इस कथा का जो तत्त्वानुसन्धान करते हैं, वह एक ऐसे मनीषी की पहचान है, जिसकी मनीषा खोटी है। जो दुराराध्य हैं—जिसकी आराधना कठिन है। जो सभी ईश्वरों के भी ईश्वर हैं। वैसे दुराराध्य व सर्व-ईश्वरों के ईश्वर की आराधना करके भी यह कुमनीषी सत्त्वहीनता के कारण जिसका वरण करता है, वह उसका मनोग्राह्य होता है, न कि विवेकग्राह्य। यह है कुमनीषी की पहचान का शास्त्र। कुब्जा कृष्ण को प्रसन्न कर लेती है, किन्तु उनसे सर्वोत्तम प्राप्य "मोक्ष" नहीं माँगती है। माँ शबरी के लिए राम धर्म है। कुब्जा के लिए अनुपम सुन्दर और सर्वोच्च कृष्ण काम है और इस काम या कामना में कृष्ण के प्रति वह गूढ प्रेम अन्तर्निहित है, जिसने क्रूर कंस के भय की परवाह नहीं करते हुए राजपथ पर चलते कृष्ण को अनुलेप प्रदान किया। कृष्ण प्रेम के पारखी हैं। वह इसी प्रेम का मान रखते हैं। धर्म और प्रेम—भारत के दो देवता हैं। एक शबरी के राम हैं तो दूसरे कुब्जा के कृष्ण।

# उपनिषद् तत्त्व

**डॉ. रामदेव साहू**
एसोसिएट प्रोफेसर
जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं

उपनिषद् वेद का ज्ञानकाण्ड है। इसमें वेदविद्या के चरम सिद्धान्त 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म, नेह नानास्ति किंचन' का प्रतिपादन विस्तारपूर्वक हुआ है। साधनचतुष्टयसम्पन्न जिज्ञासुश्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु के मुख से उपनिषद् तत्त्व का उपदेश सुन कर तार्किक युक्तियों से उस पर प्रगाढ मनन करते हुए गुरूपदिष्ट तत्त्व के अभ्यास से निदिध्यासनपूर्वक 'अहं ब्रह्मास्मि' आदि का चिन्तन करते हुए निष्ठापूर्वक विज्ञानस्वरूप परब्रह्म की सत्ता में प्रवेश करता है एवं ब्रह्मरूपता को प्राप्त करता है–

**''ब्रह्मविद् बह्मैव भवति''**

जीव–ब्रह्मैक्य का प्रतिपादन उपनिषद तत्त्वोपदेश का सारभूत निष्कर्ष है। इसे सिद्धान्ततः स्थिर कर दिया गया है– 'जीवो ब्रह्मैव नापरः'। केवल जीव ही नहीं, जड पदार्थ भी ब्रह्म से अभिन्न हैं। अतः 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' ऐसा अन्ततः कहा गया है। ब्रह्म ही विज्ञान की पराकाष्ठा है। अतः 'विज्ञानं ब्रह्म' इस रूप में भी ब्रह्म की प्रतिपत्ति दर्शायी गयी है। ब्रह्मविज्ञान ही यथार्थ विज्ञान है, जिसको आत्मविज्ञान अथवा आन्तर विज्ञान भी कहा गया है। पदार्थ विज्ञान मनुष्य को अशान्ति प्रदान करता है, किन्तु उपनिषद् तत्त्वमीमांसारूप आन्तर विज्ञान अथवा ब्रह्मविज्ञान ही मनुष्य को सच्ची शान्ति प्रदान करता है, अतः कहा गया है।

**'तरति शोकमात्मवित्।','तत्र को मोह क : शोक एकत्वमनुपश्यतः।'** इत्यादि।

**उपनिषद् शब्द का क्या अर्थ है?**

उपनिषद् का अर्थ है– अध्यात्मविद्या ।'उप' तथा 'नि' उपसर्गपूर्वक सद् धातु मे 'क्विप्' प्रत्यय जोड़ने पर उपनिषद् शब्द निष्पन्न होता है। इसका तात्पर्य है ,कि जिसके परिशीलन से संसार की कारणभूता अविद्या का नाश हो जाता है, गर्भवासादि दुःखों से सर्वथा छुटकारा मिल जाता है तथा परब्रह्म की प्राप्ति हो जाती है, उसी का नाम उपनिषद् है।

### उपनिषदों में आद्यन्त मंगलपाठ

उपनिषद् प्राणी का सर्वथा मंगलकारक है। सभी उपनिषदों में परम्परया आदि में एवं अन्त में मंगलपाठ किया गया है। उपनिषद् के अध्येता के लिए भी अध्ययन में आद्यन्त मंगलपाठ अनिवार्य है। मंगल का लक्षण है- '**विघ्नविनाशकत्वे सति समाप्तिफलकत्वं मंगलत्वम्।**' हमारा उपनिषत्तत्त्वचिन्तन निरन्तर निर्विघ्न चलता रहे, अतः मंगलपाठ की अनिवार्यता प्रतिपादित की गयी है।

### दैवी-आसुरी सम्पद् एवं मंगलरहस्य

इस लोक में दैवी एवं आसुरी के भेद से दो प्रकार की भूतसृष्टि होती है:- दैवी भूतसृष्टि एवं आसुरी भूतसृष्टि, दोनों में गुणों एवं कर्मों के बन्ध स्वभावसिद्ध होते हैं तथा दोनों में विरुद्धत्व के कारण भिन्नता दिखायी देती है। श्रीमद्भगवदगीता के अनुसार अभय, सत्त्वशुद्ध ज्ञानयोग में स्थिति, दान, दम, स्वाध्याय, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शान्ति, निन्दा का अभाव, भूतों (प्राणियों) पर दया, अलोलुपता, लज्जा, चपलता का अभाव तेज, क्षमा, धैर्य, पवित्रता, अद्रोह, अतिमान का अभाव ये गुण दैवी भूतसृष्टि में स्वभावतः विद्यमान होते हैं , अतः दैवीसम्पत्ति के साथ जन्मे प्राणी में स्वभाविक रूप से इनकी प्रवृत्ति देखी जाती है।

इसी प्रकार दम्भ, दर्प, अभिमान, क्रोध, कठोरता एवं अज्ञान ये गुण आसुरी भूतसृष्टि में स्वभावतः विद्यमान होते हैं, अतः आसुरी सम्पत्ति के साथ जन्मे प्राणी में स्वाभाविक रूप से इसकी प्रवृत्ति देखी जाती है। आसुर स्वभाव के मनुष्य प्रवृत्ति तथा निवृत्ति को नहीं जानते ? अतः उनमें शौच सदाचार एवं सत्य नहीं होते, वे जगत् को असत्य आश्रयरहित ईश्वर के बिना केवल स्त्रीपुरुष के संयोग से उत्पन्न हुआ, अतः काम ही उसका हेतु है, ऐसा मानते हैं। मिथ्या दृष्टि का आश्रय लेने के कारण नष्टस्वभाव एवं अल्पबुद्धि वाले वे सबका अहित एवं क्रूर कर्म करने वाले होते हैं।

उपनिषत्तत्त्वज्ञान में दैवी सम्पद् वाले मनुष्य ही स्वभावतः प्रवृत्त होते हैं, किन्तु आसुरी सम्पद् वाले मनुष्य उनसे स्वभावतः विरोध के कारण विघ्नों के उत्पादक बन जाते हैं। अतः उपनिषत्तत्त्वज्ञान में प्रवृत्त दैवी सम्पद् वाले मनुष्यों को निर्विघ्न लक्ष्यप्राप्ति के उद्देश्य से मंगलपाठ करना अनिवार्य बतलाया गया है। इस मंगलपाठ से दैवी शक्ति का प्रभाव प्रसूत होता है तथा आसुरी शक्ति का प्रभाव निर्मूल हो जाता है।

## मंगलभेद मीमांसा

मंगल तीन प्रकार के कहे गये हैं–

1 नमस्कारात्मक मंगल 2 आशीर्वादात्मक मंगल, एवं 3 वस्तुनिर्देशात्मक मंगल। इनमें नमस्कारात्मक मंगल मंगलकर्त्ता में दैवी शक्ति का संचार करता है, जिसके प्रभाव से आसुरी शक्ति न तो उस में प्रविष्ट हो सकती है और न ही उस पर प्रभावी हो सकती है। उपनिषदों में इस नमस्कारात्मक मंगल की प्रस्तुति निम्नानुसार हुई है–

**'ओं पूर्णमद : पूर्णं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।**
**पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥**

**ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः**

आशीर्वादात्मक मंगल लक्ष्यपरक होता है। तत्त्वज्ञान में प्रवृत्त मनुष्य लक्ष्यमूलक कामना की अभिव्यक्ति कर उसकी पूर्णता का आशीर्वाद परब्रह्म से प्राप्त करता है। उपनिषदों में आशीर्वादात्मक मंगल की प्रस्तुति निम्नानुसार हुई है–

**' ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता , मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थःश्रुतं मे मा प्रहासी अनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यमृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारम् । ॐ शान्तिःशान्तिः शान्तिः।'**

वस्तुनिर्देशात्मक मंगल स्मृत्यात्मक होता है। तत्त्वज्ञान में प्रवृत्त मनुष्य ब्रह्म की स्मृति को व्यक्त कर विघ्नविनाश की भावना का स्वाभाविक प्रस्तुतीकरण करता है। उपनिषदों में वस्तुनिर्देशात्मक मंगल की प्रस्तुति निम्नानुसार हुई है–

**'ॐ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।**
**स्थिररंगैस्तुष्टुवा्संस्तनूभिर्व्यशेम हि देवहितं यदायुः ॥'**

### आत्मविद्या एवं उपनिषद् शास्त्र

उपनिषद् शास्त्र की परमार्थता आत्मविद्या में निहित है, क्योंकि उपनिषद् जिस आत्मविद्या का उपदेश करते हैं, वह क्लेशों के पात्र सांसारिक प्राणियों को अकस्मात् प्राप्त होने वाले कष्टों का उन्मूलन करती है।

श्रीमद्भगवद्गीता में अध्यात्म विद्या को भगवान् ने आत्मरूप कहा है– 'अध्यात्मविद्या विद्यानाम्। इस अध्यात्मविद्या का सार निम्नानुसार जाना जा सकता है–

ब्रह्म ही सब कुछ है। कोई भी पदार्थ ब्रह्म से भिन्न नहीं है। मनुष्य को जो भेद प्रतीति होती है, वह मिथ्या है। जैसे बिम्ब–प्रतिबिम्ब का भेद मिथ्या होता है, क्योंकि बिम्ब केअतिरिक्त प्रतिबिम्ब नामक कोई वस्तु होती ही नहीं, किन्तु उसकी प्रतीति होती है, ठीक वैसे ही ब्रह्मातिरिक्त कोई वस्तु नहीं है, किन्तु हमें प्रत्येक वस्तु में ब्रह्मभिन्नत्व की मिथ्या प्रतीति हो रही है। जीवात्मा परमात्मा का भेद भी मिथ्या है, आत्मा एक ही है तथा वही ब्रह्म है। जीवभेद से आत्मभेद मिथ्या प्रतीयमान है तथा जीव की अल्पज्ञता के कारण आत्मा उसके लिए अदृष्ट एवं अपरिज्ञात वस्तु है। उस आत्मा का ज्ञान अनुभूतिरूप में ही होता है, तथा वह अनुभूति तब होती है जब उत्पत्ति –विपरीत क्रम से सम्पूर्णप्रपञ्च का ब्रह्म में लय कर दिया जाये।

अर्थात् वागुपलक्षित बाह्येन्द्रियों का मन में, मन का अहंकार में, अहंकार का अस्मिता मात्र में, अस्मिता का शान्त एवं शुद्ध चिद्घन में लय करने पर विशुद्ध अद्वितीय ब्रह्म ही स्फुरित होने लगता है, अतः कहा है–

**'यच्छेद् वाङ्मनसी प्राज्ञः तद् यच्छेज्ज्ञानमात्मनि।**
**ज्ञानमात्मनि महति तद् यच्छेच्छान्त आत्मनि॥'**

**उपनिषदों में विज्ञान**

विज्ञान शब्द के तात्पर्यार्थ को स्पष्ट करते हुए भगवान् भाष्यकार आदि शंकराचार्य लिखते हैं–

**'विज्ञानं विज्ञप्तिः विज्ञानं तच्चानन्दं न विषयविज्ञानवद् दुःखानुविद्धं किं तर्हि प्रसन्नं शिवमतुलमनायासं नित्यतृप्तमेकरसमित्यर्थः।'**

अर्थात विज्ञप्ति (तत्त्वबोध) का ही नाम विज्ञान है। वही आनन्द भी है। ब्रह्मविज्ञान पदार्थ विज्ञान की भाँति कष्टसाध्य नहीं है। फिर कैसा है ? बतलाते हैं– यह ब्रह्मविज्ञान आनन्दस्वरूप, कल्याणमय, आयासरहित, नित्य तृप्त करने वाला तथा एक रस है।

उपनिषदों में यह ब्रह्मविज्ञान ही मुख्य प्रतिपाद्य है , जो परम तत्त्व ब्रह्म का बोध कराने वाला होने से

यथार्थतः विज्ञान है तथा यह ऐसा विज्ञान है, जो एकमात्र आनन्द का स्रोत है। इसे योग की कसौटी पर परखा जा सकता है, जैसा कि श्रीमद्भगवदगीता में भी कहा है–

**'सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।**
**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शिनः।।'**

### उपनिषद् वेद का अन्तिम भाग

उपनिषद् वेद वाङ्मय का अन्तिम सोपान है। इस अन्तिम सोपान में ज्ञान की चरम सीमा स्थापित हुई है। वेद के ही अंश रूप में उपनिषद् स्थापित रहे हैं। कुछ उपनिषद् ब्राह्मण ग्रंथों के अंगभूत हैं, कुछ आरण्य कों के अंगभूत हैं, कतिपय संहिता के अंगभूत हैं तथा कतिपय स्वतन्त्र भी हैं। वैदिक स्वाध्याय–परम्परा से विकसित चिन्तनधारा ने जिज्ञासुओं को ज्ञानपिपासु बनाया, अतः वे तत्त्वज्ञान की ओर अग्रसर हुए। उपनिषद् इसी तत्त्वज्ञान की प्रस्तुति रोचक ढंग से करते हैं तथा ज्ञान–विज्ञान के विविध प्रसंगों को सूक्ष्मता से समझाते हैं। वेद के अन्तिम भाग के रूप में प्रतिष्ठित होने से इन्हें ही वेदान्त भी कहा जाता है तथा इनकी चिन्तनधारा को वेदान्तदर्शन के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।

### उपनिषदों का विषयक्रम

उपनिषद् का मुख्य विषय 'ब्रह्म' है तथा मुख्य प्रयोजन है– ब्रह्मज्ञान । ब्रह्म का स्वरूप, ब्रह्म का जगत्कारणत्व, ब्रह्म से सृष्टि, ब्रह्मात्मैक्यविज्ञान, जीव एवं आत्मा में अद्वैत, ब्रह्मसायुज्य उपनिषद् के प्रमुख विषय हैं।

### प्राचीन दृष्टि

पुरातन आचार्यों के मत में उपनिषद् में ज्ञान की पराकाष्ठा उपस्थापित हुई है। वैदिक कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड पर ही अवलम्बित है। कर्मकाण्ड का उद्देश्य भी ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग है, किन्तु कर्मकाण्ड से आत्मज्ञान नहीं हो सकता। ब्रह्म या आत्मा की नित्यता की प्रतिपत्ति से कर्मकाण्ड का प्रयोजन अवश्य सिद्ध हो सकता है। तत्त्वज्ञान की दृष्टि से आत्मा के एकत्व का प्रतिपादन करना, भेद को औपाधिक बतलाना, जीव एवं आत्मा में भी वास्तविक भेद का अभाव बतलाना, आत्मा की अखण्ड चिदानन्द रसरूपता का अनुभव कराना आदि सभी तथ्य उपनिषद्ज्ञान के अङ्ग हैं।

### विज्ञानदृष्टि

आधुनिक विज्ञानवादी चिन्तकों के मत में उपनिषद् वेद में निहित विज्ञान को ही ज्ञान के समानान्तर उसी प्रकार प्रतिपादित करते हैं, जिस प्रकार ब्राह्मण एवं आरण्यक ग्रन्थों में ज्ञान के साथ साथ विज्ञान को प्रतिपादित किया गया है। प्राकृत यज्ञवाद के निरूपण में विज्ञान ही आलोकित हुआ है। यह विज्ञान पिण्ड एवं ब्रह्माण्ड दोनों से सम्बन्धित है तथा ब्रह्म दोनों का आधार होने से एकमात्र विज्ञानमय है। यही उसकी सर्वज्ञता को भी लक्षित करता है। इस प्रकार वेदोक्त वैज्ञानिक सत्य एवं दार्शनिक सत्य को उपनिषद् में व्यापक स्थान प्राप्त हुआ है।

### क्या उपनिषद् वेद है ?

'वेद' शब्द का अर्थ है ज्ञान। वेदपुरुष के शिरोभाग को उपनिषद् कहा गया है। स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती जी के शब्दों में उप (व्यवधानरहित)नि (सम्पूर्ण) षद् (ज्ञान) ही उसके अवयवार्थ हैं। अर्थात् वेद में जो ज्ञान निहित है, वह ज्ञेय से अभिन्न एवं देश-काल व वस्तु के परिच्छेद से रहित पूर्ण ब्रह्म है। यही ज्ञान उपनिषद् में प्रतिपादित हुआ है। अत: वेद एवं उपनिषद् में तात्त्विक अन्तर नहीं है, किन्तु वेद के अपौरुषेय होने के कारण तथा उपनिषद के पौरुषेय होने से उपनिषद को वेद कहना उचित नहीं है। वेद ब्रह्म की वाणी है, जबकि उपनिषद् ऋषिवाणी के रूप में उपनिबद्ध हुए हैं। तात्त्विक दृष्टि से इसे ऋषियों का आत्मानुसन्धान या तत्त्वानुसन्धान कहा जा सकता है, जिसकी प्रक्रिया को अपना कर अपने अन्तरनुभवों से उन्होंने इस वेदज्ञान को व्याख्यायित किया है।

### वेद या ज्ञान का अपौरुषेयत्व

वेद अथवा ज्ञान कभी पौरुषेय नहीं होता, क्योंकि-

- ज्ञान स्वत: प्रमाण होता है। प्रमाणों से ज्ञान की सिद्धि नहीं होती। प्रमाण ज्ञान पर आधारित होते हैं तथा उनसे पदार्थों एवं उनके क्रियाकलापों की सिद्धि हो सकती है।

- ज्ञान स्वयं प्रकाशित होता है। ज्ञान को प्रकाशित करने वाला न कोई कर्ता होता है और न ही करण (साधन)। किसी क्रिया-विशेष से भी ज्ञान का प्रकाशित होना अनिवार्य नहीं है।

- ज्ञान काल से परिच्छिन्न नहीं होता, जबकि मनुष्यकृत सभी कार्य, सभी क्रियाऐं काल से परिच्छिन्न होते हैं।

ज्ञान अनादि है। उसका न तो किसी काल–विशेष में अभाव था और न ही किसी काल विशेष में अभाव होगा।

- ज्ञान देश से भी परिच्छिन्न नहीं होता। मनुष्यकृत कार्यों एवं क्रियाओं के लिए स्थान–विशेष की अनिवार्यता देखी जाती है, किन्तु ज्ञान तो कहीं भी हो सकता है ,अतः ज्ञान मनुष्यकृत नहीं हो सकता।

- ज्ञान विषय से भी परिच्छिन्न नहीं होता अर्थात् जैसे पुरुष की इन्द्रियों के लिए पदार्थज्ञान के विषय एवं क्रियाएँ निश्चित हैं, वैसा ज्ञान के सन्दर्भ में कुछ भी निश्चित नहीं है। इन्द्रियातीत होने से ज्ञान अपौरुषेय ही है।

- ज्ञान ज्ञाता एवं ज्ञेय की अपेक्षा नहीं रखता, जबकि ज्ञाता ज्ञेय की एवं ज्ञेय ज्ञाता की अपेक्षा रखते हैं। ज्ञान निरपेक्ष है तथा वह ज्ञाता एवं ज्ञेय से भी पूर्व सिद्ध है , अतः उसे कैसे पौरुषेय माना जा सकता है।

- ज्ञान न तो उत्पन्न होता है और न ही नष्ट होता है। संसार में किसी भी पदार्थ की उत्पत्ति का कोई न कोई हेतु अवश्य होता है, किन्तु ज्ञान की उत्पत्ति का कोई हेतु नहीं दिखायी देता। इसी प्रकार उसके विनाश का भी कोई हेतु नहीं दिखायी देता , अतः ज्ञान अपौरुषेय है।

- ज्ञान न तो कभी परोक्ष होता है और न कभी अपरोक्ष। स्मृति ही परोक्ष या अपरोक्ष हो सकती है, किन्तु ज्ञान नहीं, क्योंकि वह यथार्थ अनुभव होता है। अनुभव की भी स्मृति ही परोक्ष या अपरोक्ष हो सकती है, अनुभव नहीं। परोक्ष एवं अपरोक्ष से भिन्न पदार्थ कभी भी पुरुषकृत नहीं हो सकता।

- ज्ञान का कभी बाध नहीं होता। ज्ञान अज्ञान का बाध कर देता है, किन्तु अज्ञान ज्ञान का बाध नहीं करता। लौकिक पदार्थज्ञान में बाधकत्व हो सकता है, किन्तु जो मूलतः ज्ञान है, वहाँ बाधकत्व के लिए कोई स्थान नहीं, क्योंकि वह लौकिकता की सीमा से परे है ,अतः अपौरुषेय है।

- ज्ञान अनिर्वचनीय होता है। उसे न तो मन ही बता सकता है और न वाणी ही। केवलपदार्थज्ञान में ही निर्वचनीयता होती है, क्योंकि वह इन्द्रियजन्य होता है। आत्मज्ञान इन्द्रियजन्य न होने से अनिर्वचनीय है तथा अपौरुषेय है।

- ज्ञान सदैव सद्‌रूप होता है। यहाँ तक कि अज्ञान में भी कुछ अंशों में ज्ञान निहित होता है। चिद्वृत्ति में गूढज्ञान अज्ञान को भासित कर देता है, किन्तु अज्ञान ज्ञान को भासित नहीं कर पाता, अतःअज्ञान असद्‌रूप होता है।

जो सदैव सद्रूप है सत्तामय है, वह कभी पौरुषेय नहीं हो सकता।

- ज्ञान न तो दृष्टि का विषय है, न ही सृष्टि का। ज्ञान केवल अनुभव का विषय है। अनुभव के लिए दृष्टि एवं सृष्टि की अपेक्षा लौकिक धरातल पर होती है, जो केवल पदार्थज्ञान से संबद्ध है। वस्तुतः ज्ञानानुभव हेतु न दृष्टि की अपेक्षा है, न सृष्टि की, क्योंकि ज्ञान अपौरुषेय है।

## वैज्ञानिक वेदनिरुक्ति

वेद चरम ज्ञान है, जिसमें उत्कृष्ट कोटि का विज्ञान समाहित है। एक मात्र ब्रह्मरूप परम सत्ता की अनुभूति ज्ञान है तथा ब्रह्म की शक्ति से उत्पन्न ब्रह्माण्ड एवं पिण्डरूप पदार्थों का वैविध्यपूर्ण ज्ञान विज्ञान है–

**'एक ज्ञानं ज्ञानम् विविधं ज्ञानं विज्ञानम्।'**

सृष्टि के समग्र विज्ञान की कुञ्जी एक मात्र वेद है। वेदोक्त सिद्धान्त ही चरम सत्य हैं। हम भले ही प्रातिभासिक सत्ता के आधार पर किसी तथ्य को सत्य मान कर अपना सिद्धांत निर्धारित कर लें, किन्तु उसका यथार्थ वेद से ही ज्ञात हो सकता है और तभी उसे सही मायने में परखा जा सकता है।

# दमयन्ती

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**
समन्वयक
वैदिक हैरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

दमयन्ती विदर्भ देश के राजा भीमसेन की पुत्री थी। वह बड़ी रूपवती और विद्यावती थी। उसके गुण और सौंदर्य की प्रशंसा सारे भारतवर्ष में फैली हुई थी। उसी समय निषध देश के राजकुमार नल के गुण और वीरता की चर्चा चारों ओर चल रही थी। नल और दमयन्ती ने एक दूसरे की प्रशंसा सुनी और उनमें प्रेम हो गया। कुछ समय बाद जब स्वयंवर हुआ तब दमयन्ती ने नल के गले में जयमाल पहना दी। दोनों का विवाह हुआ और सुख से दिन बीतने लगे। लेकिन नल के अनेक गुणों के साथ-साथ उसमें जुआ खेलने का दुर्गुण भी बहुत बड़ा था।

नुए का शौक होने पर भी नल उस विद्या में बहुत चतुर नहीं था। उसके पुष्कर नाम के महाभूर्त जुम्राडी भाई ने छल करके जुए में उसका सब राजपाट जीत लिया। नल व्यपनी स्री को लेकर घर से बाहर निकला। उसने दमयन्ती से बहुत कहा- "तू अपने पिता के घर चली जा।" लेकिन दमयन्ती ने दुःख में पति का साथ छोड़ना स्वीकार नहीं किया। बह भयानक जङ्गलों में उसके साथ-साथ घूमती रही।

नल दुःख में अपनी बी का कष्ट देखकर और भी घबराता था। उसने सोचा- यदि में दमयन्ती को छोड़कर चला जाऊँ तो लाचार होकर वह अपने पिता के घर चली जायगी। इस विचार से एक रात को जब दमयन्ती सो रही थी, नल उसको छोड़कर चला गया। यह कह देना आवश्यक है कि दमयन्ती ने घर छोड़ते समय अपने दो बच्चों को अपने पिता के घर भिजवा दिया। सबेरे जब दमयन्ती सोकर उठी तब नल को न पाकर वह बेहोश हो गई। जब होश हुच्चा तब व्याकुल होकर रोने-कलपने लगी। अपने प्राणपति का नाम 'लेकर वह बन-बन भटकती फिरती थी।

इस प्रकार जब वह अकेली रो-रोकर कलप रही थी, एक अजगर ने आकर उसको घेर लिया। दमयन्ती व्याकुल होकर और भी जोर से रोने लगी। उसका रोना सुनकर एक बधिक आया जिसने अजगर को मारकर दमयन्ती के प्राण बचाये। बधिक दमयन्ती का सुन्दर रूप देखकर मोहित हो गया। और सन, में। उसके साथ दुद्व्र्यवहार करने की अभिलाषा करने लगा।

दमयन्ती अब बिलकुल घबराकर परम-पित्ता जगदीश्वर को पुकारने लगी। बधिक ने दमयन्ती को मारने के लिये बाण चलाया। लेकिन ईश्वर की महिमा धन्य है! जिस बाण से पापी व्याघ्र पतिव्रता दमयन्ती को मारना चाहता था वह बाण उसी को जा लगा, और देखते-देखते व्याघ्र के प्राण निकल गये। ऐसे ही और बहुत से सङ्कटों को झेलती हुई दमयन्ती सुबाहु नगर के राजा के यहाँ गई और रानी की दासी बनकर रहने लगी। ज जब, दमयन्ती के पिता ने यहः समाचार सुन। तब उसको अपने घर बुला लिया। इषरु नहीं दमयन्ती को छोड़कर धूमता भटकता अयोध्या में पहुँचा और वहाँ के राजा के यहाँ सास्थी का काम करने लगा।

कुछ दिन पिता के यहाँ रहने के बाद दमयन्ती ने सोचा कि किसी प्रकार नल का पता लगाना चाहिये। इस विचार से देश-देश में दूत भेजे गये। जो दूत अयोध्या गया था उसने लौटकर अयोध्या नरेश के सारथी के गुणों का वर्णन किया। वर्णन से दमयन्ती को मालूम हो गया कि वह सारथी उसके स्वामी राजा नल के सिवाय दूसरा कोई नहीं हो सकता।

नन्न के बुलाने का उसने अच्छा उपाय सोचा। दमयन्ती ने अयोध्या के राजा ऋतुपर्ण के पास दूत भेजकर कहल-वाया- "अब राजा नल का कुछ पता नहीं है। इसलिये मैं पुनर्विवाह के लिये स्वयंवर करना चाहती हूँ। आप कल सबेरे विदर्भ में पहुँच जाइये।" दमयन्ती को पूरा विश्वास था कि सिवाय नल के दूसरा कोई ऐसा रथ नहीं हाँक सकता कि इतनी जल्दी अयोध्या से विदर्भ में पहुँच जाय। जब अयोध्या के राजा नियत समय पर विदर्भ पहुँच गये तब दमयन्ती को एक प्रकार से निश्चय हो गया कि राजा नल ही अयोध्या नरेश का सारथी बना हुआ है।

दमयन्ती के स्वयंवर की बात सुनकर नल को बहुत दुःख हुआ। यद्यपि दमयन्ती को यह मालूम हो गया था कि उसका स्वामी ही अयोध्या नरेश का सारथी बना हुआ है तथापि इस बात को दृढ़ करने के लिए वह और पता लगाने लगी। दमयन्ती ने पता लगाने के लिये कई बार दूत भेजा लेकिन नल ने अपने असली स्वरूप का पता नहीं लगने दिया। अन्त में दमयन्ती ने अपने दोनों बच्चों के साथ दासी को भेजा। बच्चों को देखकर नल के आँसू न रुक सके। वह दासी से कहने लगा- "तू इन बच्चों को लेजा। मेरे भी ऐसे ही बच्चे हैं। इनको देखकर मुझे उनकी याद आती है। याज तक ये नल के हैं। कल से किसी और के हो जायेंगे।"

यत्र दमयन्ती को कुछ भी सन्देह नहीं रह गया। वह स्त्रयं नल के पास गई और उनके चरणों पर गिर कर कहने लगी "नाथ ! तुम्हार। पता लगाने ही के लिये यह स्वयंवर रचा गया था।" अयोध्या के राजा को जब यह बात मालूम हुई तत्र उन्होंने नल का बड़ा सम्मान किया। अयोध्या में दमयन्ती के साथ आकर नल ने अपना राजपाट सब जीत लिया। तब से नल और दमयन्ती सुग्ख से रहने लगे, क्योंकि उस दिन से नल ने फिर जुए का नाम नहीं लिया।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**स्व. आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**देशस्य कर्णधाराणां, निर्मातारो हि शिक्षकाः ।**
**तान् असन्तोष्य देशस्य, कल्याणं नैव सम्भवम् ॥२१९॥**

शिक्षक ही देश के कर्णधारों के निर्माता होते हैं। उनको असन्तुष्ट न करके देश का कल्याण होना सम्भव नहीं है।

The teachers are the makers of the country's helmsmen. It is not possible for the country to prosper by keeping them unsatisfied.

**देशं या सुचिरादेक, – सूत्रे बध्नाति सुदृढम् ।**
**सर्वपोषण – कर्त्री सा, भारती दूष्यते कथन् ॥२२०॥**

जो चिरकाल से देश को एकता के सूत्र में दृढता से बाँध कर रख रही है, वह सभी का पोषण करने वाली भारतीय भाषा संस्कृत कैसे दोषी बतायी जा रही है ?

How can the all nurturing Indian language Sanskrit be called the culprit, which has always connected the country in unity?

**देशः किं सुद्यृतो न स्यात्, स्त्रियः सम्भलिता यदि ।**
**स्नेहपाशेन बध्वा ताः, किं कर्त्तुं शक्नुवन्ति न ॥२२१॥**

क्या देश सुधर नहीं जाय ? यदि स्त्रियाँ संभल जायें, अपने स्नेह के पाश से बाँध कर वे क्या नहीं कर सकतीं।

Isn't it possible for the nation to be reformed? If the women come together, what can they not achieve with their snare/rope of love?

**दोषः कस्मै प्रदीयेत, यदि दोषी स्वयं भवेत् ।**
**निजाक्ष्णोरङ्गुली–दानात्, किं कष्टं भविता नहिं ? ॥२२२॥**

दोष किसको दिया जाय ? यदि व्यक्ति स्वयं ही दोषी हो । अपनी आँखों में अङ्गुलि देने से क्या कष्ट नहीं होगा ?

Who should be blamed if one himself is guilty? What would be the purpose of pointing a finger in ones eye?

**दोषदानं प्रजायै तु, वृथैवास्तीति मन्यताम् ।**
**यतस्त्रिकालसत्यं यद्, यथा राजा तथा प्रजा ॥२२३॥**

प्रजा को तो दोष देना व्यर्थ ही है, यह मान लीजिये क्योंकि यह त्रिकाल सत्य है कि जैसा राजा होता है वैसी उसकी प्रजा होती है ।

It is pointless to blame the people/public. Understand the eternal principle of how is the king, such are his subjects.

**द्वावपीमौ न खेद्यौ स्तः, शिक्षकश्च चिकित्सकः ।**
**अनयोः खिन्नतायां कः, प्राप्नुयात् स्वसमीहितम् ॥२२४॥**

शिक्षक और चिकित्सक इन दोनों को कभी खिन्न नहीं करना चाहिये । इनकी खिन्नता में कौन अपनी अभीष्ट प्राप्त कर सकता है ।

Teachers and doctors should never be unhappy/glum. Who can achieve desired things if they are unhappy?

**द्यूतं मद्यं च सेवित्वा, गौरवं कस्य संस्थितम् ? ।**
**उन्नतिर्वा कृता केन् ?, सत्यं सत्यं निगद्यताम् ॥२२५॥**

सच सच बताओ कि जुआ और मदिरा का सेवन करके किसका गौरव बन रहा है या किसने उन्नति की है ?

Do tell truthfully, who becomes more graceful and progresses by gambling and drinking?

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ

ISSN : 2582-6360













प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org